कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-10.01.2025

विषय:- थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा 02 नफ़र बाल अपचारियों समेत कुल 03 शातिर मोबाईल चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के कुल 07 अदद एंड्रॉइड मोबाईल (अनुमानित कीमत करीब 60,000 रुपये) बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक-10.01.25 को समय करीब 14.47 बजे बनारस मण्डुवाडीह स्टेशन से प्लेटफार्म नम्बर-08 के बाहर खाली पड़े टैक्सी स्टैण्ड के परिसर मे पाकड़ के पेड़ के पास से मु0अ0सं0-0013/25 धारा 305(A)/317(2) बी0एन0एस0 थाना मंडुवाडीह कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त 1- रोहित सिंह पुत्र गनेश सिंह निवासी पाण्डेयपुर नईबस्ती स 4/68 केशव बिहार कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया व 02 नफ़र बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। अभियुक्त/बाल अपचारियों के कब्जे से चोरी के कुल 07 अदद एंड्रॉइड मोबाइल बरामद हुए। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 10.01.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक-07.01.2025 को रात्रि में ककरमत्ता स्थित प्रार्थी के होटल व प्रार्थी के अन्य दो मित्रों के होटल में से कुल 04 अदद मोबाइल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना मंडुवाडीह में मु0अ0सं0-0013/2025 धारा 305(A) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 सुरेन्द्र यादव द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण/बाल अपचारी का विवरण-

1- रोहित सिंह पुत्र गनेश सिंह निवासी पाण्डेयपुर नईबस्ती स 4/68 केशव बिहार कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी, उम्र 22 वर्ष।

2- दो नफ़र बाल अपचारी, उम्र करीब 17 वर्ष व 16 वर्ष।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त रोहित सिंह ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने अपने दोनों मित्रों/बाल अपचारियों के साथ मिलकर दिनांक-08.01.2025 की रात्रि में वाराणसी के विभिन्न होटलों से कई मोबाईल चुराये हैं, जिसमें होटल एलिगेन्स, होटल फोर एलिमेन्ट व चन्द्रा ड्रीमस होटल का नाम मुझे याद है अन्य होटलों का नाम मुझे याद नहीं है। मेरा एक मित्र/बाल अपचारी टोटो चलाता है, जिसके मदद से हम सभी लोग टोटो से पूरे शहर में घूमते हैं और रास्ते में आने वाले होटलों में जाकर जहाँ भी बन पाता है वहाँ से मोबाईल चोरी कर लेते हैं। चोरी करने के उपरान्त तुरंत सिम कार्ड निकालकर फेंक देते है तथा चोरी किये मोबाईल को राह चलते व्यक्तियों को स्टेशन के आस-पास बेच देते है। बेचकर जो भी पैसा मिलता है, उसे हम लोग आपस में बाट लेते है तथा अपना खर्च व अन्य शौक पूरा करते है। आज हम चोरी किये इन्हीं मोबाइल फोन को बेचने आये थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तारी/अभिरक्षा का स्थान, दिनांक व समय-

बनारस मण्डुवाडीह स्टेशन से प्लेटफार्म नम्बर-08 के बाहर खाली पड़े टैक्सी स्टैण्ड के परिसर मे पाकड़ के पेड़ के पास से, दिनांक 10.01.25 को समय करीब 14.47 बजे।

बरामदगी का विवरण-

चोरी के कुल 07 अदद एंड्रॉयड फोन (जिनकी **अनुमानित कीमत करीब 60,000 रुपये**) क्रमशः एंड्रॉयड फोन रेडमी रंग सिल्वर ग्रे जिस पर 50 MP CAMERA AI CAM PHOTOHRAPHY SYSTEM Redmi अंकित है, एंड्रॉयड फोन ग्रे रंग की रेडमी मोबाईल जिसपर Redmi 108 MP AI CAMERA अंकित है, एंड्रॉयड फोन Realme 64 MP AI CAMERA, एंड्रॉयड फोन POCO MODEL 2312BPC51H रंग काला जिसपर AI CAMERA अंकित है, एंड्रॉयड फोन SAMSUNG सफेद रंग, Realme कंपनी का NARZO फोन आसमानी रंग तथा एंड्रॉयड फोन POCO रंग आसमानी बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 0013/25 धारा 305(A)/317(2) बी0एन0एस0 थाना मंडुवाडीह कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 सुरेन्द्र यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3.उ0नि0 विवेक यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4.हे0का0 संजय भारती थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5.का0 रामकिरत चौहान थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

बन्दीगृह